हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org


देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–91 : जौनपुर, शनिवार 03 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## फार्मेसी की पढ़ाई शुरू करेगा पुनर्वास विश्वविद्यालय : जल्द ही काउंसिल में किया जाएगा आवेदन

लखनऊ ब्यूरो : फार्मेसी के क्षेत्र में बढ़ रहीं संभावनाओं को देखते हुए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में इसकी पढ़ाई की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए उप निदेशक नामित कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा गया है। जल्द ही विवि शासन व फार्मेसी काउंसिल में आवेदन भी करेगा। कोरोना काल के बाद विद्यार्थियों का फार्मेसी में रुझान बढ़ा है। इसे देखते हुए कई विश्वविद्यालयों ने इसकी पढ़ाई शुरू की है। अब पुनर्वास में भी कवायद शुरू हो गई है। रजिस्ट्रार रोहित सिंह की ओर से जारी सूचना में कहा गया कि विवि स्ववित्तपोषित योजना में इस रोजगारपरक पाठ्यक्रम को शुरू करेगा। इसके लिए इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की स्थापना कर उससे संबंधित कोर्स चलाने, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) से औपचारिकता पूरा करने व अन्य कामों के लिए आईटी विभाग के डॉ. दिनेश कुमार सिंह को उप निदेशक नामित किया है। वे इससे संबंधित प्रक्रिया पूरी कर आवेदन करेंगे। कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह ने कहा, हम अगले सत्र से बीफार्मा व डीफार्मा की पढ़ाई शुरू करने के इच्छुक हैं। जल्द इसका प्रस्ताव शासन व पीसीआई



को भेजा जाएगा। एकेटीयू ने इसी साल शुरू की है बीफार्मा की पढ़ाई एकेटीयू ने इसी साल से कैंपस में बीफार्मा की पढ़ाई शुरू की है। इसमें प्रवेश के लिए काउंसिलिंग के दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू ही हो पाई थी कि सभी 108 सीटों पर प्रवेश हो गए। पिछले साल से लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने यहां बीफार्मा व डीफार्मा की पढ़ाई शुरू की। लगातार दूसरे साल इनकी 100 व 60 सीटों पर प्रवेश के लिए काफी मारामारी रही।

## 05 से 14 दिसम्बर के मध्य किया जायेगा खादान्न का वितरण

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को माह–दिसम्बर, 2022 के प्रथम चक्र में किये जाने वाले माह–अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण निर्धारित दरों अर्थात गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से 05 दिसम्बर 2022 से 14 दिसम्बर 2022 तक के मध्य किया जायेगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड के अनुसार 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारको को कार्ड में सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा० प्रति यूनिट (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल) की दर से खाद्यान्न का वितरण शासन द्वारा निर्धारित दरों अर्थात गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से किया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत खाद्यान्न के वितरण की अंतिम तिथि 14 दिसम्बर 2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। उन्होंने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार लाभार्थियों/ राशनकार्डधारकों में खाद्यान्न का वितरण शासन द्वारा निर्धारित दरों (गेहूँ–रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल–रू0 03 प्रति किग्रा0 की दर से) के अनुसार पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का हुआ आयोजन

जौनपुर सू.वि. : आज महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में शिया इंटर कॉलेज के मैदान में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन का मुख्य अतिथि मनीष कुमार वर्मा, जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को कमतर न आंकने की सलाह दिया और कहा कि हर बच्चा अपने में विशेष है , हम सभी को बच्चों के गुण को निखारना चाहिए जिससे बेहतर शिक्षा प्राप्त करके समाज के मुख्यधारा से जुड़ सकें। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गए कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मुख्य प्रशिक्षक स्पेशल एजुकेटर द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है, सभी बधाई के पात्र हैं इसी तरह लगन से कार्य बच्चों की प्रतिभा को निखारने में करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल द्वारा सभी का स्वागत करते हुए कहां की दिव्यांग बच्चों द्वारा सराहनीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है हर बच्चा अपने में बेहतरीन है। आज दिव्यांग बच्चे अच्छे पदों पर आसीन हैं। स्पेशल एजुकेटर द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि–भूरि प्रशंसा की। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया तथा सभी लोगों ने एक स्वर में कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर विकासखंड सिकरारा कंपोजिट विद्यालय शाहीपुर दृष्टिबाधित छात्रा अंशिका मौर्य द्वारा छड़ी रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विकासखंड मड़ियाहूं कंपोजिट विद्यालय सुदनीपुर का शिवांश द्वितीय स्थान प्राप्त किया, तृतीय स्थान अंशिका राजभर प्राथमिक विद्यालय राजा बाजार,





नगर क्षेत्र दृष्टिबाधित बच्चा दीपक एवं प्रदीप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा प्रभारी श्रीमती शोभा तिवारी एवं शशिधर उपाध्याय समस्त आगन्तुको का आभार व्यक्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी बक्सा उदयभान मौर्य ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा प्राप्त करने के बाद सामान्य बच्चों द्वारा जैसे खेल प्रस्तुत कर रहे हैं इनके द्वारा प्रस्तुत हर कार्यक्रम सराहनीय है। इस मौके पर सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी जितेंद्र कुमार, किंचन फाउंडेशन से अमरनाथ पांडेय, रचना विशेष विद्यालय से नसीम अख्तर, एसआरजी अखिलेश एवं कमलेश यादव, समस्त स्पेशल एजुकेटर, फिजियोथैरेपिस्ट पीडी तिवारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी अजय मौर्य द्वारा किया गया।

## शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य किताबी ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान में परिवर्तित करना –डॉ शीर्षेन्दु शील ''विपिन''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अल्लीपुर, हरदोई के छात्र – छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत हरिद्वार तथा ऋषिकेश का भ्रमण कर ज्ञान प्राप्त किया । शिक्षक डॉ शशिकांत पांडे तथा आनंद विशारद के मार्गदर्शन में 48 छात्र छात्राओं ने सर्वप्रथम हरिद्वार पहुंचकर हर की पौड़ी मे मां गंगा स्नान करके सायं कालीन गंगा आरती में सम्मिलित हुए। अगले दिन हरिद्वार में वैदिक सनातन परंपरा के ज्ञान के केंद्र शांतिकुंज में प्रातःकालीन से यज्ञ, अखंड ज्योति, गायत्री माता मंदिर,देव देवात्मा हिमालय आदि के दर्शन के साथ शांतिकुंज की संचालिका दीदी जी भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात सभी ने ऋषिकेश के लिए प्रस्थान किया जहां उन्होंने शिवानंद झूला(राम झूला), जानकी झूला, शत्रुघ्न मंदिर, परमार्थ निकेतन, स्वर्गाश्रम,गीता भवन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर गंगा स्नान किया तथा सायंकालीन परमार्थ निकेतन में होने वाली भव्य दिव्य आरती में सम्मिलित हुए । अगले दिन सभी प्रातः कालीन गंगा स्नान के बाद ऊंचे पहाड़ों पर स्थित मां मनसा देवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भूपतवाला, वैष्णो देवी,भारत माता, कांच का मंदिर इत्यादि विभिन्न स्थानों का सभी के द्वारा



हर्षोल्लास के साथ भ्रमण किया गया। संस्थान निदेशक निदेशक डॉ शीर्षेन्दु शील ''विपिन'' ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण से बच्चों को वैदिक कालीन गुरुकुल परंपरा की शिक्षण व्यवस्था को दिखाने के लिए परमार्थ निकेतन और शांतिकुंज के गुरुकुलों का भ्रमण कर शिक्षण पद्वति से परिचित कराया गया। सभी वैदिक सनातन परंपरा से जुड़कर हम अपने आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति किस प्रकार कर सकते हैं ।शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चो को किताबी ज्ञान को व्यवहारिक ज्ञान मे परिवर्तित करना तथा आपसी सामन्जस्य, सहयोग और नेतृत्व के गुणो का विकास करना है । जिसे इस भ्रमण मे व्यावहारिक रूप से सभी बच्चों को दिखाया तथा समझाया गया । शैक्षिक भ्रमण मे सुश्री पारुल , शिवानी, मेघा गुप्ता , मुकेश कुमार, श्यामा कुमार अभिषेक सिंह , अंशिका सिंह ,सुहानी गुप्ता, नेहा, कोमल ,नवल, अनूप , आदि छात्र–छात्राओं ने सहभाग किया।

## कन्नौज महोत्सव में कन्नौज के वीर बलिदानी परिवार और पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कन्नौज महोत्सव में कन्नौज के वीर बलिदानी परिवार और पूर्व सैनिकों का सम्मान जिलाधिकारी,अपर जिलाधिकारी,मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर, एडवोकेट ब्रजेन्द्र सिंह तोमर, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ, भारतीय पुर्व सैनिक लीग के पदाधिकारी सुबेदार शिव कुमार सिंह चन्देल,सुबेदार मेजर शंकर सिंह,सूबेदार प्रमोद सिंह,शिवनारायण सिंह,राजेश सिंहशिशोदिया,ओमकार सिंह,अनंत राम,इंद्रजीत सिंह, सत्यराम,अखिलेश दुबे,प सिनताप सिंह ,शिवमंगल सिंह,ब्रम्हआनंद तिवारी,संजीव कुमार गुप्ता, के के त्रिपाठी,ब्रजपाल सिंह,ललित वर्मा,दीपेन्द्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, पंकज सिंह,भोजराज,शैलेन्द्र,मैन संघ,नागेंद्र सिंह,बचन सिंह व अन्य पुर्व सैनिकों ने भाग लिया ।कार्यक्रम की शुरुआत अपर जिलाधिकारी श्री गजेंद्र कुमार, मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर, एडवोकेट ब्रजेंद्र सिंह तोमर उपजिलाधिकारी सुनील कुमार के द्वारा की गयी ।बिभिन्न युद्व में बलिदान हुए बलिदानी परिवार की वीर वीरांगनाओं और को पुष्प गुच्छ और शाल उढ़ाकर सम्मानित किया गया ।1962,1965,1971 ,1999 व अन्य युद्व में हिस्सा लेने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया ।सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों की हर संभव सहायता और




समस्या के समाधान में वरीयता देने का अनुरोध व भरोशा दिया ।जिलाधिकारी श्री शुभ्रांत कुमार शुक्ला के निर्देश में,उपजिलाधिकारी श्री राकेश कुमार त्यागी और नयाब तहसील दार भूपेंद्र विक्रम सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया ।पूर्व सैनिको को सरकार और सेना द्वारा दी जानी वाली सुविधाओं के वारे में जानकारी सिखलाई केंद्र फतेगढ़ से आये सैनिको के द्वारा दी गई ।अंत में अध्यक्ष के संबोधन और भारत माता की जोशीले नारों के साथ कायक्रम का समापन हुआ ।सभी पूर्व सैनिको ने सरकार, जिला प्रशासन,जिला अधिकारी, अपरजिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सुनील कुमार,व कन्नौज महोत्सव की समस्त सीमित का बलिदानी परिवार का सम्मान करने के लिए आभार व्यक्त किया.मिठाई व जलपान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

## परिश्रम और लगन के साथ कोई भी दृढ़ संकल्पित लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है – डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी''मधुपेश''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर ,हरदोई अपने विगत सत्रों के परीक्षा परिणाम को कायम रखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी.एड. के द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षाफल में सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर इतिहास रचा । फाल्गुनी अग्निहोत्री ने सर्वाधिक 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्तकर प्रथम स्थान प्रापूत किया, दूसरे स्थान पर सूर्या त्रिपाठी ने 80.8 प्रतिशत अंक तथा तीसरे स्थान पर रूचि सिंह ने 79: अंक प्राप्त कर प्राप्त किए। परीक्षा में सम्मिलित 100 में से 68 बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए साथ न्यूनतम 62 .2 प्रतिशत रहे । संस्था निदेशक डॉ. शीर्षेन्दु शील''विपिन'' ने सभी को मिष्ठान खिलाकर सभी का मुँह मिठा कराया ।संस्थापक–प्रबन्धक डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी''मधुपेश'' ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम और लगन के साथ कोई भी दृढ़ संकल्पित लक्ष्य प्राप्त किया जा



सकता है। आज महाविद्यालय द्वारा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण 'श्री संदीप यादव को रेलवे में स्टेशन मास्टर के पद पर चयनित होने पर' शुभकामनाएं तथा स्मृति चिन्ह देकर कहां महाविद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया । महाविद्यालय परिवार ने इस अवसर पर संकटहरण शिव मन्दिर,सकाहा तथा तुरन्त नाथ बाबा मन्दिर,अल्लीपुर, जाकर कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया ।आगमी सत्रो मे श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम हेतु कामना की। इस अवसर पर डॉ शशिकांत पांडे, आनंद विशारद, मेघा, सुप्रिया, शिवानी, श्यामा कुमार, मुकेश कुमार इत्यादि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मन पर माधव का अधिकार –बल्लभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय सूरतगंज बाराबंकी. प्रभु ने मानव शरीर सांसारिक कार्य करने और मन माधव का स्मरण करने के लिए दिया है. इसलिए सच्चे साधक को संसार में रहते हुए कभी गोविन्द को नहीं भूलना चाहिए. यह बात चन्दूरा गांव में चल रही श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन



श्रद्धालु जनों को कथा सुनाते हुए कही. यजमान गिरीश चंद्र दीक्षित व श्रीमती रमा दीक्षित समेत सैकड़ों भक्तजनों की मौजूदगी में कथा व्यास विमल बल्लभ ने कहा कि गुरु में माता – पिता और भगवान तीनों के गुण होते हैं. वह भक्त को सन्मार्ग पर चलाकर भगवान से साक्षात् करा देता है. कथा व्यास श्री बल्लभ ने कहा कि ईश्वर अंश और जीव अविनाशी है. आत्मा अजर – अमर है. वह कभी मरती नहीं है. एक शरीर छोड़कर दूसरे शरीर में प्रवेश कर जाती है. कथा में सर्वश्री सुरेश चंद्र दीक्षित, आशुतोष, बृजेश, आशीष व अभिनव दीक्षित आदि मौजूद रहे.कथा व्यास श्री बल्लभ ने कहा कि सच्चा भक्त वही है जो गुरु में ईश्वर के दर्शन करता है. उसके मन में गुरु के प्रति सदैव श्रद्धा भाव रहता हो. गुरु ज्ञान प्राप्त करने की उत्कृष्ट इच्छा हो. उन्होंने कहा कि मानव जीवन में गुरु का विशेष महत्व है. बिना गुरु कृपा के जीवन अधूरा है. माधव को पाना है तो मन को निर्मल करना ही होगा. हर प्राणी में भगवत दर्शन करना चाहिए.कथा से पूर्व सुबह आचार्य अथर्व मिश्र व आचार्य सुधाकर अवस्थी ने यजमान जोड़ी से विधिवत पूजा पाठ कराया. अपरान्ह व सायंकालीन कथा में श्याम सुंदर पाण्डेय, अनिरुद्ध जोशी व बांके बिहारी जोशी ने संगीत के जरिये कथा व्यास का साथ दिया. भगवत भक्त नरेश दीक्षित, शिव कुमार त्रिवेदी, नीलम दीक्षित, एस. डी. दीक्षित, प्रेम मिश्र, संजय मिश्र, आदित्य मिश्र, राजेश दीक्षित, वंदना, दिनेश चंद्र दीक्षित, आशीष, शिल्पी, शीलू, सुरभि, आस्था, शोभा त्रिवेदी, जूली, कलश व गुनगुन आदि को कथा का आनंद मिला।

## श्रीकृष्ण जन्म कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के तहसील रुदौली अन्तर्गत ग्राम सभा नौगवां में मास्टर राजेंद्र सिंह के यहां चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान ने अपना भेष बदलकर किस तरह से राक्षस हिरण्यकश्यप को मारा एवं श्री कृष्ण के जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथा व्यास ने बेहद संजीदगी से वर्णन किया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान कृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पांडाल ''नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की'' ,आदि के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने–नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की खुशी पर महिलाओं द्वारा अपने घरों से लाए गए गुड़ के लड्घ्डूओं से भगवान को भोग लगाया गया,तथा फूलों की वर्षा की गई। अयोध्या से आए कथा व्यास आचार्य श्री प्रमोद कुमार पाण्डेय जी महाराज ने बताया कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि–त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया । इस सुभवसर पर मान्धाता सिंह, ऋषभ तिवारी (सोनू) ,एडवोकेट रमेश सिंह ,सरस चन्द तिवारी ,दिवाकर सिंह, सुरेश सिंह, दुर्गा बक्श सिंह , संजय श्रीवास्तव,अजय सिंह (बब्लू भैया) मायाराम यादव, विवेक सिंह आदि भक्तगण मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का पांचवे दिन भी धरना जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लगातार पॉचवे दिन शनिवार को भी विद्युत कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के केन्द्रीय आवाह्न पर पूरे प्रदेश के साथ–साथ, जनपद जौनपुर मुख्यालय पर स्थित 132 के0वी0 अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय जौनपुर के परिसर में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले ई0 हरीश प्रजापति की अध्यक्षता में कार्य बहिष्कार हुआ, जिसमें जनपद के ऊर्जा क्षेत्र के कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता, संविदा कर्मियों ने भारी संख्या में भाग लिया। सभा में मुख्य रूप से अपने 15 सूत्रीय मांगो को लेकर एवं शीर्ष ऊर्जा निगम प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी, तानाशाही पूर्ण रवैये के विरूद्ध जमकर विरोध/कार्य बहिष्कार किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए संघर्ष समिति के जनपद संयोजक श्री निखिलेश सिंह ने कहा कि कार्य बहिष्कार तब तक जारी रहेगा जब तक प्रबन्धन हमारी 15 सूत्रीय मागों को मान नहीं लेती और अगर शासन/प्रशासन द्वारा किसी तरह की अनैतिक कार्यवाही की जाती है तो उसका गम्भीर परिणाम भुगतना होगा। यह भी कहा गया कि कार्य बहिष्कार कर्मचारियों द्वारा नहीं की जा रही है बल्कि प्रबन्धन द्वारा जानबूझ कर बाध्य किया गया है, जिसके कारण आम जनमानस को भी विद्युत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सभा में ई0 ई0 पंकज



जायसवाल, ई0 सियाराम, ई0 हरिकेश यादव, श्री संजय यादव, श्री सत्य नरायण, श्री प्रमोद मौर्या, उपाध्याय आदि ने अपने विचार व्यक्त किये तथा कहा गया कि प्रबन्धन जन विरोधी तथा कर्मचारी विरोधी है निजीकरण होने पर गरीब जनता, मजदूर एवं किसानों को मंहगी बिजली मिलेगी एवं आम जनता भी इसका भार झेल नहीं पायेगी। ई0 ए0 के0 सिंह, ई0 शुभेन्दु शाह, ई0 आनन्द गौतम, ई0 सौरभ मिश्रा, ई0 आलोक उपाध्याय, ई0 विपिन गुप्ता, ई0 आतिश यादव, ई0 अशोक कुमार सिंह, ई0 तारा सिंह, ई0 धमेन्द्र मौर्या, ई0 निर्भिक भारती, अश्वनी श्रीवास्तव, अरविन्द मिश्रा, विश्राम मौर्या, निधि श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, रतन श्रीवास्तव, विवेक कुमार, अखिलेश तिवारी, मुकुन्द यादव, चन्द्रशेखर उपाध्याय, मोहन पान्डेय, अमित खरे, इन्द्रजीत पाल, पवन कुमार, प्रणव सिंह, रंजन यादव, ऋषि श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव, कुलदीप यादव, हरेन्द्र कुमार, राहुल, चन्दशेखर मण्डल, अशोक पटेल, जितेन्द्र यादव, विजय यादव, रविन्दर सिंह, अखिलेश तिवारी, विजय चौहान, सन्तराम, प्रीतम श्रीवास्तव एवं भारी संख्या में कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन बिजली कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के संयोजक श्री निखिलेश सिंह द्वारा किया गया।

# थाना बक्सा जौनपुर पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त वारण्टी को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार साहनी जौनपुर के कुशल निर्देशन मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर महोदय के नेतृत्व में चलाये जा रहे वारण्टी/वॉंछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अनिल कुमार दूबे मय हमराहगण मा0 न्यायालय सिविल जज(जू0डि0)जौनपुर मु0न0 576/2009 धारा 147/323/ 504/506 भादवि तारीख पेशी 17/12/ 2022, मु0न0 1743/ 11 धारा 32/324/504/ भादवि तारीख पेशी 06.12.2022 द्वारा जारी एन0बी0डब्ल्यू0 के वारण्टी 1. महाजन पुत्र रामदुलार ग्राम केवटलीकला थाना बक्शा जौनपुर उम्र 35 वर्ष 2. 2. श्रीपाल पुत्र रामलखन ग्राम केवटलीकला थाना बक्शा जौनपुर उम्र 35 वर्ष को उसके घर ग्राम केवटलीकला से समय 12.30 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है । गिरफ्तार वारण्टी/अभियुक्त 1. महाजन पुत्र रामदुलार ग्राम केवटलीकला थाना बक्शा जौनपुर उम्र 35 वर्ष 2. श्रीपाल पुत्र रामलखान ग्राम केवटलीकला थाना बक्शा जौनपुर उम्र 35 वर्ष गिरफ्तार करने वाली टीम– 1.थानाध्यक्ष श्री त्रिवेणी थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2.उ0नि0 श्री अनिल कुमार दूबे मय हमराहगण थाना बक्सा,जौनपुर।

# थाना चन्दवक पुलिस द्वारा 03 वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर महोदय के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 संजय कुमार के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए दिनांक 02.12.2022 को प्रभारी निरीक्षक चन्दवक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. भोदू सिह पुत्र राम अजोर सिह नि0हीरापुर मचहटी थाना चन्दवक जौनपुर के गिरफ्तारी अधिपत्र माननीय न्यायालय ग्राम–न्यायालय तहसील केराकत सम्बन्धित मु0नं0 1024/20 धारा 323/504 भादवि0 थाना चन्दवक जनपद जौनपुर के क्रम में वारण्टी भोदू सिंह उपरोक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया व 2. विनोद सिंह उर्फ पिंकू पुत्र महेन्द्र प्रताप सिह निवासी बरमबाबा लोहरा खोर थाना चन्दवक जौनपुर के गिरफ्तारी अधिपत्र माननीय न्यायालय जे0एम0 प्रथम जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 1759/07 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चन्दवक जिला जौनपुर को उनके घर से समय 11.10 बजे गिरफ्तार किया गया तथा 3. मोहित सिह पुत्र भोलानाथ सिह निवासी मुर्खा थाना चन्दवक जौनपुर के गिरफ्तारी अधिपत्र माननीय न्यायालय जे0एम0 प्रथम जौनपुर से सम्बन्धित मु0नं0 62/18 धारा 504/147/145/149/307/41/411/419/420/ 467/468/ 427 भा0द0वि0 थाना चन्दवक जिला जौनपुर को उनके घर से समय 11.00 बजे गिरफ्तार किया आदेश उपरोक्त के अनुपालन में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार वारंटीदृ 1. भोदू सिह पुत्र राम अजोर सिह नि0हीरापुर मचहटी थाना चन्दवक जौनपुर 2.विनोद सिंह उर्फ पिंकू पुत्र महेन्द्र प्रताप सिह निवासी बरमबाबा लोहरा खोर थाना चन्दवक जौनपुर 3.मोहित सिह पुत्र भोलानाथ सिह निवासी मुर्खा थाना चन्दवक जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1.प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3.उ0नि0 श्री ददन सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4.हे0का0 विनोद चतुर्वेदी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 5.हे0का0 रामचन्द्र सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 6. का0 नरेन्द्र यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर जिलाउपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल के अध्ययता में संम्पन्न हुई बैठक को संम्बोधित करते हुए पाल ने कहा आने वाला नगरपालिका ध्नगर पंचायत चुनाव का आरक्षण जल्द आने वाला है और वार्ड का आरक्षण आ गया है जो भी समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता नेता वार्ड या नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ना चाह रहें है वो अपना आवेदन फार्म जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लेकर उसे भर कर जमा कर सकता है जिससे सभी आवेदकों का आवेदन जिला संचालन समिति के सामने प्रस्तुत कर कैंडिडेटओं के चयन पर विचार किया जा सके यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है इसलिए सबसे पहले आपलोग अपना वोटर लिस्ट चेक करले और अभी भी बचें हुए नामों को जोड़ने का काम करें वहीं वोटर




लिस्ट को आखिरी वक्त तक निगरानी करते रहे क्योंकि भाजपा का सबसे मजबूत ऐजेन्डा यही है कि अधिक से अधिक मेन मौके पर समाजवादी विचारधारा के वोटों को कटवाना रहता है पिछले विधानसभा चुनाव में आप सभी भली भांति जानते है इसलिए इस नारे के साथ सब लोग लग जाईये कि अपने वोटों का करो बचाव भ्रष्टाचार से पावों निजात, बैठक में मुख्य रूप से प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, पूनम मौर्या, रुक्सार अहमद, अनवारुल गुड्डू,गजराज यादव,रियाज आलम,आरीफ हबीब,कमालुद्दीन असारी,डां शरफराज,कमाल हासमी,गप्पू मौर्या,शेखू खाँ,भानु प्रताप मौर्या, सुभाष पाल,सोनी यादव,आसिफ शाह,अमजद अली,आदि उपस्थित रहे।

# मेहनत ही सफलता की असल कुंजी– डीएम मनीष वर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुपरहिट हिन्दी फिल्मों के मशहूर गीतकार एवं लेखक शब्बीर अहमद रहे एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी रहे एवं आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ अंकिता राज रही मंचासीन सभी अतिथियों का बुक एवं पुष्प देकर प्राचार्य डॉ अब्दुल



कादिर खान ने स्वागत एवं अभिनंदन किया स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने कहा हर इंसान अपने कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य को ही प्राप्त कर पाता है आज मंच पर बैठे सभी सम्मानित अतिथियों ने कठिन परिश्रम से अपना या मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम की शुरुआत गीतकार शब्बीर अहमद के अनेकों गानों से की गई जिसमें हाल में बैठे सभी मुख दर्शकों ने काफी खुशी जाहिर की मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा किस समाज हमेशा संघर्ष का ही साथी होता है संघर्ष जीवन में कभी असफल नहीं करती आज अपने संघर्ष के बदौलत हमने जो उपलब्धियां पाई है इस सफलता का श्रेय हम ईश्वर एवंम अपने माता–पिता एवं मशहूर कलाकार अभिनेता सलमान खघन को देते हैं विशिष्ट अतिथि हेमंत तिवारी ने कहा कि संघर्ष इंसान को हमेशा नई ऊंचाई एवं मंजिल तक पहुंचाती है निरंतर प्रयास ही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए विशिष्ट अतिथि डॉ अंकिता राज ने कहा मुश्किलों से हम अपनी समस्याओं को आसान बनाते हैं और बार–बार प्रयास करने से एक दिन अपने लक्ष्य तक पहुंच जाते हैं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि जीवन में संघर्ष एवं कठिन परिश्रम इंसान को एक नई ऊंचाई तक ले जाता है अपने जीवन की अनेकों बातों को साझा करके बच्चों को प्रोत्साहित भी किया और अपने लक्ष्य की तैयारी के लिए कुछ गुण भी बताएं इस मौके पर पूर्व वरिष्ठ पत्रकार ओपी सिंह,वरिष्ठ पत्रकार शशि मोहन,पत्रकार मधुकर तिवारी,डॉ कमरुद्दीन शेख,डॉ जीवन यादव,डॉ सतीश दुबे,प्रवीण यादव,अहमद अब्बास खान,एवंम महाविद्यालय के परिवार के समस्त प्रवक्तागण एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे कार्यक्रम का संयुक्त संचालन डॉ अजय विक्रम सिंह एवंम डॉ समरीन तबस्सुम ने किया।

# कुलपति ने प्रोजेक्ट पाने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शुक्रवार को शोध परियोजना प्राप्त करने वाले शिक्षकों को कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने सम्मानित किया. कुलपति प्रो. निर्मला



एस मौर्य ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शोध के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों का चयन गौरव की बात है. विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शोध परियोजनाओं से निश्चित तौर पर समाज लाभान्वित होगा.कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने इस वर्ष उत्कृष्टता केंद्र एवं शोध परियोजना पाने वाले शिक्षकों को अंगवस्त्रम एवं सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया. सम्मान पाने वाले शिक्षकों में डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ सुशील शुक्ला, डॉ गिरिधर मिश्र, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ दिनेश वर्मा, डॉ सुजीत कुमार, डॉ पुनीत धवन, डॉ काजल डे, डॉ मनीष प्रताप सिंह रहे. कार्यक्रम का संचालन आई क्यू ए सी सेल के समन्वयक प्रो मानस पाण्डेय किया. इस अवसर पर प्रो वंदना राय, प्रो अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो देवराज सिंह , प्रो रजनीश भास्कर, डॉ राज कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ रसिकेश समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# सीएचसी बक्सा नौपेडवा पर आयोजित हुआ एड्स की मेंस्ट्रीम का प्रशिक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सीएचसी बक्सा ऐट नौपेडवा पर एड्स की मेंस्ट्रीमिंग उन्मुखीकरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने किया और आशा आशा संगिनी



आंगनवाड़ी एवं सभी उपस्थित स्टाफ को उन्होंने एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा बचाव के लिए उन्होंने बताया की विसंक्रमित सुई असुरक्षित यौन संबंध तथा सभी संबंधित बचाव एवं प्रयास जरूर करें सभी लोगों की जांच एवं गर्भवती महिलाओं की विशेष जांचे हर सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क प्राप्त होता है इस अवसर पर अधीक्षक डॉ गोपेश सिंह ने सभी को एड्स एवं एचआईवी के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा तथा अपने यहां उपस्थित सभी जांचे एवं संबंधित सलाह की व्यवस्था होने की बात कही ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डॉ सुशील अग्रहरी ने एड्स एचआईवी टीबी को कोरिलेट करते हुए विस्तार से सभी टीबी मरीजों की एड्स एचआईवी की जांच एवं शुगर की मुफ्त जांच की व्यवस्था की बात बताइए तथा उन्होंने सभी लोगों को इसके प्रति जागरूक रहने के लिए समानता से सम्मान तक की थीम पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कर्मचारियों को सुरेंद्र बहादुर सिंह ट्रेनर ने विस्तार से ट्रेनिंग देते हुए सभी विषयों पर फोकस किया । इस अवसर पर डॉ आलोक रघुवंशी श्री राजेंद्र प्रसाद श्री ओम प्रकाश श्री चक्रवर्ती सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# चौकिया से दर्शन कर लौट रहे दर्शनार्थियों की बोलेरो को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर : 2 की मौत आधा दर्जन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कंधरपुर हाईवे पर एक तेज रफ्तार विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने बोलेरो में मारी जोरदार टक्कर में दो महिला समेत 2लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और वहीं आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां पर उनका इलाज चल रहा है, घटना की जानकारी परिजनों को मिलते हैं पूरे परिवार में कोहराम मच गया वही पुलिस मृत लोगों के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई है। आपको बता दें कि सिकरारा थाना क्षेत्र के लाला बाजार निवासी भोलानाथ गुप्ता के पुत्र का विवाह 27 नवम्बर को हुआ था परिवार द्वारा दुल्हन और दूल्हा को दर्शन कराने के लिए मां शीतला धाम चौकिया से दर्शन कराने गए थे जो घर वापसी के अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने कंधरपुर हाईवे के किनारे बोलेरो को टक्कर मार दी वहीं घटना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान विजय शंकर यादव ने बताया कि भोलानाथ गुप्ता अपने बहू और बेटे को माँ शीतला धाम दर्शन कराने अपने पूरे परिवार के साथ बोलोरो वाहन से गये थे जो दर्शन के बाद घर लौटते समय लाइनबाजार थाना क्षेत्र के कंधरपुर हाईवे पर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक से आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दो महिला की मौत हो गई है और आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए





हैं जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। घटना की जानकारी देते हुए एसपी सीटी डाक्टर संजय कुमार ने बताया कि एक परिवार द्वारा माँ शीतला चौकिया धाम का दर्शन कर के लौट रहे परिजनों का कंधरपुर हाईवे के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने बोलोरो सवार को टक्कर मार दी जिसमें एक महिला की मौके पर मौत हो गई और बोलोरो में सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी चायलो को एम्बुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल भेज दिया गया है जहाँ सभी घायलो का इलाज चल रहा है। शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ चलाई गोली : एक की मौत एक घायल जिला अस्पताल में भर्ती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मीयांपुर के पास शुक्रवार रात ताबड़तोड़ गोलियों के चलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक गम्भीर रूप से घायल है जिसे पुलिस ने अस्पताल उपचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने के पश्चात विधिक कार्रवाई करते हुए अब बदमाशो की तलाश में जुट गयी है।थाना क्षेत्र के सबरहद गांव के निवासी दो व्यक्ति हरीलाल और हासिम दीवानी न्यायालय से मुकदमा देख कर अपने घर जा रहे थे। मीयांपुर गांव के पास पहुंचे थे कि अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियां बरसने लगे। बदमाशो द्वारा चलायी गयी गोली से हरीलाल नामक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि हासिम गोली लगने से गिरकर तड़प रहा था।घटना की खबर वायरल होते ही हडकंप मच गया मौके पर पहुंचे कोतवाल शाहगंज ने घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजवाये इसके साथ ही मृत हो चुके हरीलाल का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस घटना के कारण सहित अपराधियों की तलाश में जुट गये। देर रात पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घर से घायल से मामले की जानकारी लिया साथ ही मृतक के परिजनों से भी मुलाकात किया। घटना में घायल मोहम्मद हाशिम ने बताया कि वह शाम कचेहरी से मुकदमा देखकर अपने घर वापस जा रहे थे उनके साथ एक लोग और भी थे जिसे वह उनके गांव सबरहत छोड़ने जा रहे थे।





घर से थोड़े ही दूर रात लगभग 8 बजे अपाचे सवार दो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी है जो मेरे साथ थे उनके सिर में गोली लगी उनकी मौत हो गई और मुझे पैर में गोली लगी है गोली किसने मारा यह नहीं पता है। पुरानी रंजिश है। गोली मरवाने वाले का नाम राशिद पठान उनके लड़के व अन्य सहयोगी शामिल है। घटना के संबंध में शनिवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि घायल की तहरीर पर 8 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है 4 लोगों को हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ की जा रही है मामला पुरानी रंजिश ग्राम प्रधानी का बताया जा रहा है।

## जिला अस्पताल में लटका ताला : सिर्फ महिला में हो रहा अल्ट्रासाउंड

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद की आवाज शासन–प्रशासन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का रोज दावा कर रहा है लेकिन व्यवस्थाएं पटरी पर आने का नाम नहीं ले रहीं। कहीं साधन है, तो संसाधन नहीं और अगर दोनों हैं तो इनको संचालित करने वाले का टोटा है। रामनगरी के श्रीराम चिकित्सालय में पहले से ही रेडियोलॉजिस्ट न होने के चलते सेवा बाधित चल रही थी और दर्शननगर मंडलीय चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती का रिनिवल न होने के चलते सेवा बंद है। अब जिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केंद्र पर भी ताला लटक गया। पत्राचार के बावजूद किसी रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती अभी नहीं हो पाई है। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि आर्थो सर्जन के माध्यम से व्यवस्था संचालित करने की कवायद की जा रही है। जिला मुख्यालय के प्रमुख चार चिकित्सालयों में जिला महिला, जिला अस्पताल व श्रीराम चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड व एक्स–रे की सुविधा उपलब्ध है। वहीं दर्शननगर संयुक्त चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड व एक्स–रे के साथ सीटी स्कैन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के तीन पर सृजित हैं, जिनमें केवल एक पद पर डॉ. विष्णुकांत ओझा की तैनाती थी। वह भी गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। वैश्विक नगरी बनने की ओर अग्रसर अयोध्या के श्रीराम चिकित्सालय में संसाधन तो है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट ही नहीं हैं। यहां पर पूर्व में तैनात रहे रेडियोलॉजिस्ट डॉ. के कुमार का लगभग दो साल पहले बहराइच तबादला हो चुका है, लेकिन अभी तक किसी की तैनाती नहीं हो पाई। जिसके चलते कामकाज बाधित चल रहा है। संयुक्त मंडलीय चिकित्सालय दर्शननगर में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर डॉ. अजय चौधरी की तैनाती थी लेकिन उनका निर्धारित कार्यकाल पूरा हो चुका है और अभी शासन तथा महकमे ने रिनीवल नहीं किया है। रिनीवल न होने के चलते वह ड्यूटी पर नहीं जा रहे। प्रमुख चारों चिकित्सालयों में केवल जिला महिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के दो पदों के सापेक्ष एक रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती है। बस्ती से तबादला होकर जिला महिला अस्पताल आई रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विभा कुमारी पर गर्भवती महिलाओं के परीक्षण तथा रिपोर्ट का ही बोझ रहता है। महिला अस्पताल पर पहले से बोझ, विधिक रिपोर्ट के लिए लखनऊ जाना मजबूरी – जिले के चार प्रमुख चिकित्सालयों में केवल महिला अस्पताल में नियमित रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती है। कुछ चिकित्सालयों में जांच का कार्य तो सहयोगी कर्मियों के भरोसे निपटाया जा रहा है लेकिन वर्तमान हालात में मारपीट समेत अन्य मामलों में विधिक रिपोर्ट केवल महिला अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर से ही जारी हो सकती है। हालांकि वहां गर्भवती महिलाओं के चलते पहले से बोझ है। नियम के मुताबिक ड्यूटी पर तैनात रेडियोलॉजिस्ट को रोजाना 40 केस निपटाने होते हैं। जिसके चलते जिला महिला अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट अतिरिक्त बोझ लेने को तैयार नहीं है। हाल यह हो गया है कि अस्पताल प्रशासन के समक्ष अब मारपीट समेत अन्य कानूनी मामलों में सीटी स्कैन की तरह,अल्ट्रासाउंड तथा उसकी विधिक रिपोर्ट के लिए पीड़ित व मरीजों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर करना मजबूरी है। जिला अस्पताल में तैनात एक मात्र रेडियोलॉजिस्ट के सेवानिवृत्ति को लेकर शासन और मुख्यालय से पत्राचार ही नहीं किया गया बल्कि अवकाश का दिन होने के बावजूद 28 नवंबर को रिमाइंडर भेजा गया। अभी तक किसी की तैनाती न हो पाने के चलते गुरुवार को अल्ट्रासाउंड कक्ष और कार्य बंद रहा। अंतरिम व्यवस्था के तहत आर्थो सर्जन डॉ. आशीष श्रीवास्तव की ड्यूटी लगाई गई है। शुक्रवार से वह अल्ट्रासाउंड समेत अन्य कार्य संपादित करेंगे।

# एड्स दिवस पर भाषण निबन्ध व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शिक्षा क्षेत्र के हाजी अब्दुल्लाह काजिम इंटर कालेज आदिलपुर शुजागंज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर भाषण,निबन्ध,दौड़ एंव पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी रुदौली आशुतोष मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया।आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि व विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि सीओ रूदौली आषुतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि एड्स संक्रमण रोगों के कारण फैलता है इस बीमारी को रोकने एंव लोगो को जागरूक करने के लिए गैर सरकारी संगठन व सरकारी संगठन,स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बाजारों में कार्यक्रम करके जनमानस को जागरूक करते है।सीओ ने कहा कि नशा से बिल्कुल दूर रहे नशा लोगो के धन और तन दोनो को अंदर से खोखला कर देता है।उक्त अवसर पर शुभांकर वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक रमेश यादव, मुकेश कुमार यादव,उमाकांत वर्मा, संजना सिंह,विद्यालय प्रधानाचार्य महमूद अली हाफिज नासिर,धनीराम, हाफिज तुफैल अहमद, अखलाक अहमद, रियाज अहमद, शहरीन बानो, तुबा फातिमा, कुमारीशगुन व कहकशां बानो सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं बच्चे और सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# तारुन थाना क्षेत्र में तेजी से फल फूल रहा है अवैध कच्ची शराब का धंधा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तारुन थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का धंधा तेजी से फल–फूल रहा है तारुन थाना अध्यक्ष व आबकारी विभाग की मिली भगत से थाना क्षेत्र के सोनेडांड ,मठिया, बालापुर, तारापुर, गंगापुर पेड़रा सहित दर्जनों गांव में अवैध कच्ची शराब का धंधा तेजी से फल फूल रहा है उक्त गांवो के संभ्रांत लोगो का कहना है कि नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज के सख्त फरमान के बावजूद थाना क्षेत्र में शाम होते ही पीने और पिलाने का सिलसिला शुरू हो जाता है और देर रात तक चलता रहता है जिससे उक्त गांवो मे देर रात तक शोरशराबे का महौल रहता है जिसका सीधा असर गाव के नौनिहालो पर पड रहा है ।देखा जा रहा है कि क्षेत्र के 80 प्रतिशत 20 से 25 वर्ष की उम्र वाले बच्चे भी नशा की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं और उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है और वे नशेड़ी अड्डों के आसपास चक्कर लगाते देखे जा रहे हैं यदि इन अवैध कारोबारियों को गांव का कोई भी व्यक्ति रोकता है तो ये कारोबारी कहते हैं कि हम आबकारी इंस्पेक्टर बीकापुर व तारुन थाना अध्यक्ष रतन सिंह को सुविधा शुल्क देते हैं तो अवैध कच्ची शराब बेचते हैं जहां शिकायत करना हो जाकर कर दो कुछ नही होगा।उक्त गांवो के लोगों ने बताया की दर्जनों बार आबकारी इस्पेक्टर व मुकामी पुलिस से शिकायत की गई लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है और वह बेखौफ खुलेआम गांव के आसपास व गांव में अवैध कच्ची शराब बेच रहे हैं।

## पथ यथासम्भव पौराणिक रूप के अनुरूप बनाये जाये –गौरव दयाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान सरकार द्वारा अयोध्या को भव्य, नव्य एवं दिव्य अयोध्या बनाने के दृष्टिगत मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अयोध्या में विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं यथा–श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से रामजन्म भूमि तक) व भक्ति पथ (श्रृंगार हाट से हनुमानगढ़ी होते हुये राम जन्म भूमि पथ तक) के निर्माण कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने जन्मभूमि पथ का निरीक्षण करते हुये कहा कि पथ का यथासम्भव पौराणिक रूप के अनुरुप बनायी जाय, पथ के किनारे जो दीवाले है उनका भी सौन्दर्यीकरण किया जाय तथा पथ के किनारे से जो सीवेज लाइन है वह टेढ़ी–मेढ़ी न हो उनकी फाइनल फिनिसिंग एक सीध में सूत डालकर की जाय। उन्होंने कहा कि फुटपाथ पर सैन्ड स्टोन के पत्थरों के ज्वाइंट काफी सावधानी से अच्छी शिल्प कर्म के साथ लगाये जाये। भक्ति पथ का निरीक्षण करते हुये उन्होंने कहा कि आर0सी0सी0 के जो ज्वाइंट हो एक एकदम सीधा रेखा में हो तथा भक्ति पथ चौड़ीकरण के बाद जो नई दुकानें बनायी जा रही है उसमें एक रूपकता हो। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा भक्ति पथ के किनारे बिल्डिंगों हेतु जो नक्शा जारी किया गया है उसका शत प्रतिशत पालन हों, इसके लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभी अधिकारी नियमित निरीक्षण कर नवनिर्मित होने वाली सभी दुकानों में इसका अनुपालन करायें। मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था के सभी प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र को विश्व स्तरीय बनाने में अपना अहम योगदान दे रहे है इसलिए आप सभी पूर्ण मनोयोग से ऐसा कार्य करें कि आपकी आने वाली पीढ़ियों को आपके कार्य पर गर्व महसूस हों। मण्डलायुक्त ने समस्त कार्यों में उच्च गुणवत्ता के सामग्रियों का उपयोग करने तथा निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के साथ उनके शिल्पकर्म (सजावट) का कार्य बेहद ही सावधानी पूर्वक अच्छे ढंग से करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिशाषी अभियन्तागण मौजूद रहे।

## सहारा इंडिया को एक महीने के अंदर भुगतान करने का हुआ आदेश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) न्यायालय अध्यक्ष उपभोक्ता विवाद प्रतितोष महोदय फैजाबाद के द्वारा सहारा इंडिया रीजनल मैनेजर लखनऊ व सहारा इंडिया कार्यालय क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक अयोध्या को रामजी गुप्ता बनाम सहारा इंडिया आदि वाद संख्या 29 / 21 के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए 1 महीने के अंदर संपूर्ण बकाया धनराशि वादी श्री रामजी गुप्ता एडवोकेट को देने का निर्देश दिया है। उक्त मामले में अधिवक्ता रामजी गुप्ता ने न्यायालय के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया कि सहारा इंडिया पैसा जमा कराने के पश्चात परिपक्वता पर भुगतान करने से आनाकानी करती है और पुनः पैसा जमा करने के लिए दबाव बनाती है जो कि विधि विरुद्ध है आवश्यकता पड़ने पर पैसे का भुगतान न करना सेवा में कमी है 82050 का सवा 2 गुना तथा उस पर 6ः ब्याज के साथ व शारीरिक व मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में 5000 अतिरिक्त भुगतान करने का सख्त निर्देश दिया है भुगतान समय के अंदर न करने की स्थिति में कलेक्टर महोदय के माध्यम से हो सकता है वसूली कार्यवाही।

## चौड़ीकरण को लेकर व्यापारी आम जनमानस राम जानकी मंदिर साहबगंज पर अपनी मांगों को लेकर शुरू किया मौन अनशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम पथ रोड चौड़ीकरण को लेकर अयोध्या राम पथ व्यापारी आम जनमानस राम जानकी मंदिर साहबगंज पर अपनी मांगों को लेकर मौन अनशन 3 घंटे के लिए किया रामपथ के समस्त वासियों का यह कहना है हम भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के विकास व सौंदर्यीकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं सरकार की सभी योजनाएं बहुत अच्छी हैं सरकार हम सभी के हित के लिए कार्य कर रही है परंतु रामपथ चौड़ीकरण को लेकर सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण जिसमें पट्टाशुदा पर्चा सुदा फ्री होल्ड की नीतियों को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें सरकार की तरफ से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि इस योजना के अंतर्गत किस प्रकार का अधिग्रहण किया जाएगा? जिसकी भूमि अधिग्रहण करेंगे मुआवजे की प्रक्रिया क्या होगी ? जैसा कि सरकार कह रही है आप सभी जिस जमीन पर रह रहे हैं वह जमीन सरकार की है आप सभी को दुकान व भवन का मुआवजा दिया जाएगा वह भी मलबे बता कर मूल्य का बहुत कम जिसमे हम नींव भी दीप भरा सकते, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी तक सरकार ने इस बात का स्पष्टीकरण नहीं किया राम पथ पर क्या–क्या योजनाएं उनकी रहेंगी ? जनता अपना अमूल्य वोट देकर सरकार बनाती है परंतु सरकार बनने के बाद आज जब जनता परेशान है सरकार का कोई प्रतिनिधि जनता का सहयोग व उनकी समस्याओं को सुनने के लिए नहीं आ रहा है हम सब की एक मांग है सरकार जो भी जमीन अधिग्रहण कर रही है उसके एवज में मुआवजा अच्छा दे जिस से संबंधित व्यक्ति को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो जमीन अधिग्रहण के बाद बची हुई जमीन को उस जमीन पर रहने वाले व्यक्ति को उसका उत्तराधिकारी व मालिक घोषित करें अभी तक हम लोग जिस जमीन पर रह रहे थे उस जमीन का मालिक अपने आप को मानते थे जिसका पर्चा सुधा जमीन का बैनामा कराए, दाखिल खारिज कर आए, अयोध्या विकास प्राधिकरण व नगरपालिका से मानचित्र पास कराएं, गृह जलकर कर बराबर देते आ रहे हैं, अभी तक किसी ने नहीं बताया आप इस जमीन के मालिक नहीं है जब तक फ्रीहोल्ड नहीं करा लेंगे, आज जब सरकार को जमीन की जरूरत पड़ी, सरकार हमारी भूमि को अधिग्रहण कर रही है, इसी संदर्भ को लेकर यह मौन प्रदर्शन 3 घंटे का किया जा रहा है, सरकार का प्रशासन का विरोध किसी तरीके से नहीं है एक मौन प्रदर्शन के दौरान ना रोड जाम करेंगे, किसी प्रकार की नारेबाजी नहीं करेंगे, आम जनमानस को किसी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं होगी, शांतिपूर्ण ढंग से यह आंदोलन होगा, इस आंदोलन में मुख्य रूप से, अयोध्या राम पद के समस्त लोग मौजूद रहे।

## विवाहिता को अस्पताल में छोड़ भागे परिजन : मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गोसाईगंज थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता की घर पर अचानक तबीयत खराब होने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता की मौत के बाद परिजन अचानक अस्पताल से लापता हो गए। करीब घंटे भर बाद भी जब परिजन नहीं पहुंचे तो डॉक्टरों ने मामले की सूचना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्रभारी निरीक्षक अक्षय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के हरदोईया गांव निवासी अजय कुमार की पत्नी प्रिया की कुछ दिन पहले डिलीवरी हुई थी। घर पर ही गुरुवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हुई तो परिजन लेकर उसे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचे, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। विवाहिता की मौत के बाद परिजन मौके से फरार हो गए। डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस के पहुंचने के बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए। फिर भी एहतियातन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

# आरक्षण सूची जारी होते ही नगर निकाय चुनाव निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने में जुटी पुलिस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार की शाम शासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश में चार दर्जन से अधिक जिलों में आरक्षण सूची जारी होते ही नगर निकाय चुनाव लड़ने की दावेदारी कर रहे प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई।जिसके चलते राजनैतिक गलियारों से लेकर गैर राजनीतिक गलियारों में भी चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी ताल ठोकने पर जुड़ गए हैं।इसी कड़ी में नगर निकाय चुनाव को लेकर आरक्षण सूची जारी होते ही पुलिस प्रशासन भी कमर कस लिया है।पुलिस अधिकारियों ने अपने अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के माध्यम से निकाय चुनाव को शांति व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जुट गई है।वही शुक्रवार को सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया के निकाय चुनाव के दौरान किसी भी तरीके की बाधा ना उत्पन्न हो इसके लिए पुलिस अभी से ही होमवर्क करने में जुट गई है। उन्होंने बताया कि अयोध्या नगर निगम में पड़ने वाले सभी साठ वार्डों की सूची संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से मगानी शुरू हो गई है।शीघ्र ही शीघ्र ही उन वार्डों में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील कितने वार्ड हैं इसका आंकड़ा भी मंगाया जा रहा है।इसी आधार पर नगर नगर निकाय चुनाव को शांति पूर्वक व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए वहां पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जायेगी।मालूम हो कि इस समय



अयोध्या नगर निगम में कुल साठ वार्ड हैं जिसमें कई वार्ड अतिसंवेदनशील और कई संवेदनशील के श्रेणी में आते हैं।उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव के पहले ही मौजूदा पार्षद व इस बार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों तथा पुलिस के बीच आपसी तालमेल बनाए रखने के लिये शांत कमेटी की बैठकें भी की जाएंगे।इस बैठक के माध्यम से यह पता लगाया जा सकेगा कि चुनाव के दौरान किस किस वार्ड में कौन–कौन सी समस्याएं उत्पन्न होगी तो उस समस्या का निराकरण चुनाव से ठीक पहले करा लिया जायेगा। जिसके चलते नगर निकाय चुनाव को शांति पूर्वक व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

## पुरानी पेंशन के बहाली को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने संघ के पदाधिकारियों के साथ परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षक, शिक्षिकाओं,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नई पेंशन योजना के अन्तर्गत एन०पी०एस० कटौती के लिये बाध्य किया जाना एंव कटौती न होने के उपरान्त वेतन को अवरूद्ध एंव कार्यवाही किए जाने संबंधी जारी निर्देश के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र सौंपा।पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षक / शिक्षिकाओं / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नई पेंशन योजना के अन्तर्गत एन०पी०एस० कटौती के लिए अव्यवहारिक निर्देश के माध्यम से वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक )जनपद अयोध्या द्वारा अनावश्यक दबाव बनाकर शिक्षक / शिक्षिकाओं / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन अवरूद्ध एंव कार्यवाही किए जाने के संबंध में दिये जा रहे निर्देश अव्यवहारिक है।पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि शिक्षक कर्मचारियों के बुढापे का सहारा पेंशन है।जिसे सरकार ने बन्द कर नई पेंशन स्कीम लागू किया है। जो शिक्षकों कर्मचारियों के हित में नही है। वही काफी दिनों से जनपद के शिक्षक,कर्मचारी अपने बुढापे के सहारे को पाने के लिए निरन्तर पत्र के माध्यम से सरकार से मांग करते आ रहे हैं।वहीं देश के कई राज्यों में शिक्षकों, कर्मचारियों के बुढापे का सहारा पेंशन ( पुरानी पेंशन) को लागू किया गया है परन्तु उत्तर प्रदेश में शिक्षकों, कर्मचारियों के बुढापे का सहारा पेंशन ( पुरानी पेंशन) को बन्द कर नई पेंशन लागू करते हुए एन०पी०एस० कटौती के लिए शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है।जबकि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षक / शिक्षिकाओं / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उक्त अंशदान कटौती हेतु स्वेच्छा का विकल्प दिया गया है कि जो शिक्षक / शिक्षिकाओं / शिक्षणेत्तर कर्मचारी अपना एन०पी०एस० में कटौती नही चाहते हैं।वह उक्त विकल्प को न चुने।ऐसे में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षक / शिक्षिकाओं / शिक्षणेत्तर, कर्मचारियों को नई पेंशन योजना के अन्तर्गत एन०पी०एस० अंशदान कटौती के लिए व एन०पी०एस० अंशदान कटौती विकल्प भरे जाने के लिए वित्त एवं लेखा अधिकारी (बेसिक) जनपद अयोध्या द्वारा शिक्षक / शिक्षिकाओं / शिक्षेणत्तर कर्मचारियों को बाध्य किए जाने एंव परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षक / शिक्षिकाओं / शिक्षेणत्तर कर्मचारियों के वेतन को अवरूद्ध एंव कार्यवाही किए जाने का निर्देश जारी किया जाना अव्यवहारिक है।ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से विकास सिंह, आलोकेश रंजन, रुदौली मंत्री अशोक वर्मा, प्रियकांत पांडे जिलाजीत वर्मा, राजकुमार वर्मा, भास्कर यादव, विक्रम सिंह मंजेश मौर्य राजेश कुमार, चंद्र शेखर सिंह, फूलचंद प्रवीण सिंह, प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट ने उप कोषाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलीय अध्यक्ष रामानुज तिवारी के अध्यक्षता में एक शिक्षक प्रतिनिधि मण्डल तदर्थ शिक्षकों के वेतन खाते में हस्तानांतरित करने के सम्बन्ध मे उप कोषाधिकारी गणेश दत्त पाण्डेय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर उन्होंने बताया कि मुख्य कोषाधिकारी ने हम लोगों को वेतन भुगतान न करने का मन बना लिया है।परंतु इसका कारण पूछे जाने पर बताने से उन्होंने इनकार किया।उन्होंने बताया कि वेतन बिल जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा लगभग तीन सप्ताह पहले प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा के निर्देश पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा के दूरभाष वार्ता क्रम में भेजा जा चुका है।वही मुख्य कोषाधिकारी द्वारा बार बार लिखित आपत्ति के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक व संयुक्त शिक्षा निदेशक के द्वारा पत्र भेजा जा चुका है।जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा यह भी प्रमाण पत्र प्रेषित किया गया है कि वेतन भुगतान करने पर माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश की अवमानना नही हो रही है।जबकि संयुक्त शिक्षा निदेशक के पत्र दिनांक–30 / 11 / 2022 में स्पष्ट उल्लेख है कि वेतन भुगतान अधिनियम 1971 में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में वेतन वितरण का अधिकार जिला विद्यालय निरीक्षक को प्राप्त है।इस पत्र में तदर्थ शिक्षको का वेतन भुगतान करने को कहा गया है।उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले पांच माह से वेतन खाते में हस्तांतरित नही हो पा रहा है।जबकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 8300 / 2016 की व्याख्या माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ ने अपने आदेश में यह कहते हुए किया है कि आयोग के अभ्यर्थी के आने तक तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान निरन्तर होता रहेगा।परंतु मुख्य कोषाधिकारी माननीय उच्च न्यायालय, शासन तथा विभागीय आदेशों की अवहेलना करते हुए तदर्थ शिक्षकों का समयबद्ध वेतन भुगतान न कर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। तदर्थ शिक्षक अपने वृद्ध माता–पिता की दवा, बच्चों के स्कूल की फीस व अन्य परिवारिक समाजिक दायित्व का निर्वहन करना मुश्किल हो रहा है जिसके कारण समस्त तदर्थ शिक्षक अवसाद की स्थित में आ गये है।वेतन भुगतान विसंगत को लेकर गुरुवार को प्रतिनिधि मंडल के मण्डलीय अध्यक्ष रामअनुज तिवारी,जिला मंत्री आलोक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार शुक्ला,अनुरूध मिश्रा, राकेश पाण्डेय, महेन्द्र सिंह, दीपक श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, आलोक पाण्डेय, आशीष श्रीवास्तव मौके पर पहुंच कर अपने वेतन भुगतान के संबंध मे ज्ञापन दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यदि मुख्य कोषाधिकारी अयोध्या द्वारा वेतन खाते में हस्तांतरित नही किया जाता है तो मुख्य कोषाधिकारी अयोध्या के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना करने पर मा0 उच्च न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य होगें और शासन में उच्च अधिकारियों से वार्ता और आवश्यकता पड़ने पर संगठन आमरण अनशन और धरना करने के लिए बाध्य होगा।

## पेड़ से लटकता मिला 27 वर्षीय युवक का शव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मवई थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 27 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक मवई थाना क्षेत्र के ठाकुर का पुरवा मजरे कुशहरी गांव के बाहर गुरुवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे एक खेत मे लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ में रस्सी से गर्दन में बंधा लटकता हुआ गांव के ही युवक दिलीप कुमार का शव ग्रामीणों ने देखा।शव की सूचना गांव में पहुंचते ही परिजनों सहित काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।घटनास्थल पर मौजूद मृतक के भाई मैकुलाल रावत पुत्र स्व,राम मिलन ने इस घटना की सूचना थानाध्यक्ष मवई ओपी तिवारी को दी।सूचना मिलते ही तत्काल उपनिरीक्षक गुलाम रसूल ने का0 सौरभ यादव,का0 आशिक अली व सुनील कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पेड़ से लटक रहे शव को नीचे उतरवाकर शव का पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। इस सम्बन्ध उपनिरीक्षक गुलाम रसूल ने बताया कि गुरुवार की सुबह ग्राम ठाकुर का पुरवा मजरे कुशहरी गांव के बाहर राम केवल यादव के खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर दिलीप कुमार रावत पुत्र स्व0 राममिलन 27 वर्ष ने आत्महत्या कर ली जिसके शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में जहां एक ओर अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस सघन चेकिंग अभियान चला रही है। वही इसी कड़ी में शनिवार को जिले में




सभी बैंकों पर पुलिस ने बैंक चेकिंग अभियान चलाया।इस मौके पर पुलिसकर्मियों ने बैंको में कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ साथ आने वाले ग्राहकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर पुलिस कर्मियों ने बैंक में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाकर वहां पर मौजूद सीसीटीवी कैमरा,इमरजेंसी अलार्म,आग लगने पर बचाव के इंतजाम का बारीकी से निरीक्षण किया। वही बैंक के अन्दर व बाहर लोगों को टप्पेबाजों व चोर उचक्के के साथ साथ अपराधियों से सचेत किया।

## पार्षद के भाई राज नारायण पंचतत्व में विलीन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या नगर निगम में पार्षद जगत नारायण यादव के 36 वर्षीय भाई राज नारायण यादव के सामायिक मौत लीवर संक्रमण के चलते लखनऊ के एक हॉस्पिटल में हो गई।जिनका अंतिम संस्कार जमथरा घाट पर गमगीन माहौल में किया गया। इस दुःखद समाचार के मिलते ही पार्षद श्री यादव के घर व उनके आसपास का माहौल गमगीन हो गया। जमथरा घाट पर पार्षद जगत नारायण यादव के अलावा उनके भाई दीप नारायण यादव,विजय नारायण यादव के साथ साथ समाजवादी पार्टी के अलावा अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।जिसमें मुख्य रुप से पूर्व विधायक आनंद सेन यादव,अनिल यादव,महंत राजू दास,महंत अरुण दास,सपा नेता पंकज पांडे, सपा नेता मनोज जायसवाल,सपा महानगर अध्यक्ष अयोध्या श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,शंभू नाथ जायसवाल,सगीर खान,कोटेदार महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश बंसल,कोटेदार राम बहादुर यादव, कमलेश सोलंकी,भाजपा नेता शकुंतला गौतम, अनुभव जायसवाल,पूर्ति निरीक्षक रुदौली तहसील संजय चौधरी,भाजपा नेता मंजू गुप्ता के अलावा पत्रकारों में राममूर्ति यादव,नितिन श्रीवास्तव सहित राजनैतिक,गैर राजनैतिक दल,सरकारी,गैर सरकारी के साथ साथ पत्रकार जगत के अलावा अन्य वर्ग से जुड़े कई लोग मौजूद रहे।

# महज खानापूर्ति ही साबित हुआ इस बार यातायात माह दिवस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस बार यातायात माह दिवस महज सफेद हाथी ही साबित हुआ।इस दौरान न तो वाहन चालको के साथ साथ शहर वासियों को यातायात नियमों के प्रति यातायात विभाग द्वारा जागरूक किया गया और न ही यातायात माह दिवस के दौरान यातायात रैली निकाली गई।इसी के साथ साथ शहर के प्रमुख चौराहों पर विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।जिससे यह साफ जाहिर होता है कि इस बार यातायात माह दिवस 2022 महज कागज पूर्ति तक ही सिमट कर रह गया।वही आज से पहले यातायात माह दिवस का शुभारंभ तयशुदा कार्यक्रम के अवसर पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक करते थे और इस मौके पर एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण, सीओ सिटी,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट के अलावा यातायात निरीक्षक व यातायात कर्मी मौजूद रहते थे।यह कार्यक्रम प्रायः शहर के रिकाबगंज चौराहा या फिर शांति चौक रायबरेली मार्ग पर होता था।इसके बाद यातायात विभाग के कर्मियों द्वारा पूरे नवंबर माह जहां एक ओर शहरवासियों व वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए खासकर कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक,रीडगंज, रिकाबगंज,फतेहगंज,नाका,सिविल लाइन,रोडवेज, गुदरी बाजार, साहबगंज, देवकाली तिराहा, देवकाली बाईपास सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जाता था।वही इसी कड़ी में इस विभाग द्वारा छात्र–छात्राओं व शिक्षकों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के लिए शहर के अधिकतर स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता नाटक, भाषण प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता था।जबकि यातायात के नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालको पर नकेल कसने के लिये यातायात माह में जगह जगह चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जाता था।परंतु इस बार ऐसा कुछ नहीं दिखाई दिया।इस बार यातायात माह दिवस में महज एक या दो दिन सघन चेकिंग अभियान, एक या दो दिन स्कूलों में यातायात विभाग द्वारा कुछ कार्यक्रम करा कर यह यातायात संपन्न हो गया,कुल मिलाकर इस बार यातायात माह दिवस 2022 महज दिखावा ही साबित हुआ।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।